B.Mus. (Honours) Semester-I Examination 2014

HINDI

Paper : 1

Time : Two Hours **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 2×10=20

(क) बहुत दिनन थैं प्रीतम पाये,
भाग बड़े घरि बैठे आये।
मंगलचार माहि मन राखौं, राम रसांइण रसना चाषौं।
मंदिर मांहि भया उजियारा, ले सूती अपनाँ पीव पियारा
मैं रनिरासी जे निधि पाई, हमहि कहा यहु तुमहिं बड़ाई
कहै कबीर मैं कछु न कीन्हां, सखी सुहाग राम मोहिं दीन्हाँ।

(ख) मेरौ मन अनत कहां सुख पावै।
जैसे उड़ि–जहाज कौ पच्छी फिरि जहाज पर आवै।
कमल नैन कौ छांड़ि महातम और देव कौं ध्यावै।
परम गंग कौं छाँड़ि पियासा दुरमति कूप खनावै।
जिहिं मधुकर अंबुज-रस चाख्यौ क्यों करील-फलभावै
सूरदास-प्रभु कामधेनु तजि छेरी कौन दुहावै।

(ग) अब लौं नसानी अब न नसैहों।
राम कृपा भवनिसा सिरानी जागै फिर न डसै हों
पायो नाम चारु चिंतामनि उर कर तें न खसैहों
स्याम रुप सुचि रुचिर कसौटी चित कचनहिं कसै हों।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए – 2×10=20

(क) जीवन में संगीत के योगदान पर विचार कीजिए।

(ख) संगीत के क्षेत्र में तानसेन के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए—
(क) वैदिक संगीत (ख) शास्त्रीय संगीत और साहित्य
(ग) संगीत में ताल का महत्व (घ) पलटा